कांग्रेस ने महंगाई बढ़ाकर गरीबी बढ़ाने और गरीबों को मिटाने का काम किया है - अखिलेश यादव

By : INVC Team Published On : 11 Nov, 2011 12:05 AM IST

आई.एन.वी.सी,, लखनऊ,, समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भ्रश्टाचार चरम पर है। हर तरफ लूट मची हुई हैं हर काम में कमीशन वसूला जाता है। केंद्र के संकेत पर बसपा राज में उत्तर प्रदेश को चरने के लिए हाथियों को छोड़ दिया गया है। इस पर कांग्रेस का दिखावटी गुस्सा है। सीबीआई, राज्यपाल और आयकर विभाग को उत्तर प्रदेश के हालात पर गुस्सा क्यों नही आता है ? श्री यादव यहां party मुख्यालय में लखनऊ पूर्वी क्षेत्र की प्रत्याशी श्रीमती जूही सिंह के नेतृत्व में स्ववित्त पोशित विद्यालय प्रबंधक महासंघ, उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों, प्रबंधकों, पिछड़ा वर्ग विकास एसो0 उत्तर प्रदेश एवं ा सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं भाजपा, बसपा, कांग्रेस तथा लोकतांत्रिक कांग्रेस से आए सैकड़ों लोगों के समाजवादी party के सदस्यता ग्रहण समारोह के मौके पर संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता श्री राजेंद्र चौधरी एवं धर्मेंद्र सिंह आदि भी उपस्थित थे। समाजवादी party के प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष आज राश्ट्रीय लोकदल एवं अखिल भारतीय पाल बघेल धनगर महासभा के कई पदाधिकारी भी समाजवादी party में शामिल हुए। समाजवादी party के प्रदेश अध्यक्ष श्री यादव ने आगत साथियों का स्वागत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में विधान सभा चुनावों की सरगरमी शुरू हो गई है। समाजवादी party ने सबसे पहले अपने प्रत्याशी घोशित किए हैं। समाजवादी क्रांतिरथ जनपदों में घूम रहा है। इस यात्रा को प्रबल समर्थन एवं सहयोग मिल रहा है। भारी भीड़, जिसमें नौजवान, महिलाएं एवं अल्पसंख्यक बड़ी संख्या में शामिल है, इसमें उमड़ रही है। दूसरे दल बहुत पीछे छूट गए हैं। समाजवादी party के राश्ट्रीय अध्यक्ष श्री मुलायम सिंह यादव द्वारा 16 नवंबर,2011 को एटा में विशाल जनसभा को संबोधित करने के साथ चुनाव की रणभेरी बज जाएगी। उन्होने कहा कि मंहगाई और भ्रश्टाचार ने लोगों को तबाह कर दिया है। आम आदमी का जीना मुश्किल है। कर्ज और तंगहाली के िशकार किसान आत्महत्या को मजबूर हो रहे है। सरकार ने गन्ना और गेहूं के अपर्याप्त दाम निर्धारित किए हैं जिससे किसानों की लागत भी नहीं निकल रही है। बसपा सरकार पूरी तरह किसान विरोधी है। श्री यादव ने कहा कि केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और केरोसिन के दाम बढ़ाकर गरीबी बढ़ाने और गरीबों को मिटाने का काम किया है। प्रदेश की बसपा सरकार भी इसमें साझीदार है। इन सरकारों ने खाद, पानी, बिजली जैसी बुनियादी चीजें तो मुहैया नहीं कराई है, स्मारकों, पाकोंz में पत्थरों के जंगल उगा दिए है। मुख्यमंत्री ने ज़िंदा रहते अपनी और अपने माता पिता भी मूर्तियॉ लगवाकर वह काम किया है जो अब तक किसी नेता ने नहीं किया है। पत्थर के 2 हज़ार से ज्यादा हाथी राजधानी में लगवा दिए। इन पर प्रति हाथी एक करोड़ रूपए का खर्च आया हैं। जनता के धन की यह लूट है। समाजवादी party नेता ने कहा कि कांग्रेस और बसपा में प्रदेश के विकास से खिलवाड़ करने की मिलीभगत है। दोनों एक दूसरे की संरक्षक है। भाजपा सिर्फ सांप्रदायिकता का जहर फैलाने में माहिर है। जनता भ्रश्टतंत्र से छुटकारा पाने के लिए बेचैन है। प्रदेश में पूरी तरह तबाही और बबाzदी का आलम है। सीएमओ की हत्या होती है, डिप्टी सीएमओ की जेल में हत्या हो जाती है। डीआईजी की गिरफ्तारी हो जाती है। आइएएस अधिकारी आत्महत्या करने को मजबूर होता है। मंत्री, विधायक बलात्कार लूट और हत्या में जेल की हवा खा रहे हैं। लोकायुक्त की report पर मंत्री बखाzस्त हो रहे हैं। प्रशासन पर मुख्यमंत्री का नियंत्रण नहीं रह गया हैं। इस अराजकता, भ्रश्टाचार और अत्याचार से तभी छुटकारा मिलेगा जब प्रदेश में समाजवादी party की सरकार बनेगी। उन्होने सभी का आवाहन किया कि वे अपनी पूरी निश्ठा से 2012 में समाजवादी party की सरकार बनवाने में सक्रिय सहयोग करें। प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों में सैन्य अधिकारी सर्वश्री के0 डी0बी0 सिंह, सूर्य नारायण सिंह, पारसनाथ यादव, एच0एन0 यादव, एस0बी0 सिंह, समाजसेवी एवं िशक्षिका डा0 किरन सिंह, रीता सिंह,फूलचंद्र यादव, राधेश्याम गुप्ता, लल्लू सिंह डा0 संजय सिंह, डा0 रजनीश पांडेय एवं स्ववित्तपोशित विद्यालय प्रबंधक महासंघ के संरक्षक डी0डी0 सिंह यादव, उपाध्यक्ष एस0के0 सिंह, लालजी यादव, बी0डी0 सिंह, वी0वी0 सिंह, फूल कुमारी महासचिव संतराम सिंह चौहान, सचिव अनिल कुमार सिंह, रंजीत सिंह, अशोक द्विवेदी, प्रबंधक हरिशंकर सिंह, अवधेश सिंह चौहान, एम0आई0 हुसैन, के0पी0 ओझा, सभाजीत सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में विद्यालय प्रबंधक समाजवादी party में शामिल हुए। लोकतांत्रिक कांग्रेस के महासचिव श्री "याम बहादुर सिंह लहरी, कांग्रेस से सर्वश्री जैनेंद्र सिंह, मो0 जावेद, इकबाल पूर्व जिलाध्यक्ष, यूथ कांग्रेस गोरखपुर रवि शर्मा, जितेंद्र सिंह, अवनीश गुप्ता, भाजपा से सर्वश्री उस्मान अहमद खॉ, जयराम सिंह, डा0 संजय सिंह, राहुल सिंह, अनुराग पांडेय, िशवनंदन सिंह, अशोक वर्मा बहुजन समाज party से सर्वश्री ललित वर्मा, कौशल पांडेय कौशलेंद्र मिश्रा, अजय प्रधान,एडवोकेट, जितेंद्र उपाध्याय, एस0एन0 गोस्वामी, संजय यादव, क्षत्रिय महासभा (यूथ बिग्रेड) के फैजाबाद मंडल के जिलाध्यक्ष विशाल सिंह, भूतनाथ व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष मो0 सुहैल वारसी, महामंत्री सुश्री प्रतिभा वर्मा, पिछड़ा वर्ग विकास एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव श्री रामपाल ने भी समाजवादी

party की सदस्यता ली। पाल बघेल धनगर महासभा के जिन लोगों ने समाजवादी party की सदस्यता ली उनमें प्रमुख है सर्वश्री गेंदालाल आर्य धनगर वरिश्ठ राश्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय पाल बघेल महासभा मंडलीय अध्यक्ष एवं नौकपाल सिंह बघेल जिलाध्यक्ष पाल बघेल धनगर महासभा तथा श्री प्रवेंद्र बघेल। रालोद सॉसद श्रीमती सारिका बघेल के श्री गेंदालाल "वसुर और भूपेंद्र, भुवनेंद्र तथा प्रवेंद्र देवर है।

URL : https://www.internationalnewsandviews.com/कांग्रेस-ने-महंगाई-बढ़ाकर/

INTERNATIONAL NEWS AND VIEW CORPORATION
INVC
अंतरराष्ट्रीय समाचार एवं विचार निगम

12th year of news and views excellency

Committed to truth and impartiality

Copyright © 2009 - 2019 International News and Views Corporation. All rights reserved.

www.internationalnewsandviews.com